# ग्राम पंचायत बासा बजीरां, विकास खण्ड नूरपुर जिला काँगड़ा, हि• प्र• –176201 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. (क)प्रस्तावना**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत बासा बजीरां, विकास खण्ड नूरपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधान:–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री उदय पठानियां | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति किरण वाला | 01.04.2022 से 31.10.2023 |
| 2. | श्री नरेश कुमार | 01.11.2023 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश धीमान | 01.04.2022 से 27.08.2023 |
| 2 | श्री रविन्द्र कुमार | 28.08.2023 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति अरूणा कुमारी | 01.04.2022 से 11.07.2023 |
| 2. | श्री सुभाष सिंह | 12.07.2023 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत बासा बजीरां के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:—

| क्र0 सं0 | पैरा सं॰ | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (लाखों में) (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 3.23 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 7.82 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.63 |
| 4 | 6.2 | विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.05 |
| 5 | 7.1 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 1.08 |
| 6 | 7.2 | वैध ट्रांज़िट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 2.28 |
| 7 | 8.1 | पेवर ब्लॉक के क्रय हेतु अनियमित भुगतान | 5.93 |
| 8 | 8.2 | मनरेगा अनुदान के अन्तर्गत करवाये गये निर्माण कार्यों के लिए सामग्री खरीद हेतु राशि का अधिक भुगतान | 0.02 |
| 9 | 8.3 | निर्माण कार्यों के लिये सीमेंट खरीदने हेतु हि0प्र0 सिविल सप्लाई को अधिक भुगतान करना | 0.02 |
| 10 | 9 | पत्थर खरीद पर रिक्तियों (Voids) की कटौती न करने के कारण अधिक व गलत भुगतान करना | 0.66 |
| 11 | 10 | निर्माण कार्यो के अभिलेख प्रस्तुत न करना | 16.49 |
| 12 | 11 | बिल/वाउचर प्रस्तुत न करना | 1.06 |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत बासा बजीरां के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 22.08.2024 से 30.08.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानो की संयुक्त

हस्तगत रोकड़ बही के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 01/2023 | 05/2022 |
| 2023–24 | 11/2023 | 06/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer)** :–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेष राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/388 दिनांक 30.08.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि को कांगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक नूरपुर के मल्टीसिटी चैक संख्या 092382 दिनांक 18.09.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/371 दिनांकः–22.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया है:–

**1.स्व–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 159327.06 | 2359194.42 | 2518521.48 | 1595203.00 | 923318.48 |
| 2023-24 | 923318.48 | 472002.00 | 1395320.48 | 901439.00 | 493881.48 |

2.अनुदानः–

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 928208.00 | 5959828.40 | 6888036.40 | 5791641.20 | 1096395.20 |
| 2023-24 | 1096395.20 | 1662839.00 | 2759234.20 | 1977560.00 | 781674.20 |

**कुल योग** (1+2) 493881.48+781674.20 =**1275555.68**

**(ख). बैंक समाधान विवरणीः–**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार अंतशेष ₹12,75,555.68/- तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹15,98,409.48/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित/ वी.के.वी.एन.वाई/वाई.एस.एस/एस.डी.आर.एफ/एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक नूरपुर | 20003061915 | 532582.42 |
| 2 | आर.ए.वाई | का•के•सह•बैंक नूरपुर | 50051960297 | 2678 |
| 3 | 14वाँ वित्तायोग | एच•डी•एफ•सी.बैंक जस्सूर | 50100170080096 | 6473.56 |
| 4 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | एच•डी•एफ•सी.बैंक जस्सूर | 50100358617797 | 1053866.50 |
| | हस्तगत शेष | | | 2809 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹1598409.48 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹1275555.68 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹1598409.48 |
| अन्तरः– | | | | ₹322853.80 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

ANNUAL REPORT

4 **(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹3.23/– लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत बासा बजीरां द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना

में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹322853.80/- का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है। परिणामस्वरूप पंचायत के लेखे सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/374 दिनांकः–23.08.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये ।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत बासा बजीरां के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानो जैसे कि 5वां वित, वी.के. वी.एन.वाई, एस.डी.पी, एस.डी.आर.एफ, वाई.एस.एस इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, 5वां वित, वी.के.वी.एन.वाई, एस.डी.पी, एस.डी.आर.एफ व वाई.एस.एस, आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20003061915 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है एवं नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इन्कार नही किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/387 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि स्कीम वाईज खातो का अनुसंधारण कर दिया जायेगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही का रख–रखाव न करने व स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही रोकड़ बही एवं बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ङ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किये गए। खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मासों के वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यों हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यों को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1.एस.डी.पी | 07–09/ 09.05.2022 | 43,232/ 25.03.2022, शून्य | पक्का रास्ता सेवक राम के घर से किशोरी मलकियत के घर तक वार्ड–3 | 107676 |
| 2.मनरेगा | 16/ 18.05.2022 | मस्टोल स0–913 | निर्माण लेण्ड लेवलिंग पंकज पठानियां, सुलिन्द्र सिंह, रजत पठानियां इत्यादि की जमीन पर वार्ड–5 | 30528 |
| 3.मनरेगा | निल/ 21.05.2022 | 218/24.11.2022 | निर्माण क्रेट वर्क सुरक्षा दीवार ग्रेली खड के पास वार्ड–4 | 100300 |
| 4.मनरेगा | निल/ 21.05.2022, 23.06.2023 | 228,83–85/01.12. 2022,05.03.2023 | निर्माण क्रेट वर्क ग्रेली खड पर सरकारी नर्सरी के नजदीक वार्ड–4 | 442300 |
| 5.मनरेगा | 112/ 21.05.2022 | 176/03.10.2022 | निर्माण क्रेट वर्क केश्व, वेद कुमार, मनोज, ऋषि आदि की जमीन पर वार्ड–5 | 110330 |
| 6.मनरेगा | 115/ 21.05.2022 | 240/18.12.2022 | निर्माण क्रेट वर्क स्वरूप सिंह, विश्न सिंह, सुजान सिंह आदि की जमीन पर वार्ड–5 | 110330 |
| 7.मनरेगा | शून्य/ 21.05.2022 | 025/26.05.2022 | निर्माण रास्ता व अतिरिक्त कार्य मेहरा मोहल्ला से काले की दुकान के पास लिंक रोड तक वार्ड–2 | 106250 |
| 8.वी.के.वी. एन.वाई | 18/ 14.06.2023 | 94/27.03.2023 | निर्माण सुरक्षा दीवार लाभ सिंह की जमीन पर वार्ड–3 | 43250 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाताबही के अभाव में उसकी वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/387 दिनांकः—30.08.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.बी.डब्ल्यू 01/2024 दिनांकः—30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबहियों/लेखा खातो को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा, प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹7.82/— लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/371 दिनांकः—22.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि [redacted]**1 व** [redacted]**2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31—03—2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹7,81,674.20/— की राशि उपयोग हेतु शेष थीः—

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 9152 |
| 2. | 14वाँ वित | 31.03.2024 | 344 |
| 3. | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 772178.20 |
| | | **कुल जोड** | **781674.20** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/375 दिनांक–23.08.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:– जी.पी.बी. डबल्यू 01/2024 दिनांक:–30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अतः भविष्य में नियमों के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर ₹0.63 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना:–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/371 दिनांकः–22.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर की मद में **₹63333**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। क्योंकि ग्राम पंचायत द्वारा अवधि 2023–24 के दौरान कोई वसूली नहीं की गई थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का पर्याप्त कारणों के बिना वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप

सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 01.04.2022 को अथशेष व दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/376 दिनांकः—23.08.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.बी.डब्ल्यू 01/2024 दिनांकः—30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा तथा मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर संधारित करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा व अंकेक्षण को भी अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युत्तर नियम प्रावधानों के प्रतिकूल व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा दिये गए आश्वासनानुसार मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को संधारित करना सुनिश्चित करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.05/— लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या—SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः— 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या "0070—60—108—01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/371 दिनांकः—22.08.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत बासा बजीरां द्वारा वर्ष 2022—23 व 2023—24 के दौरान ₹5800 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त गई परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः—

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 1. | 2022—23 | 2200 |
| 2 | 2023—24 | 3000 |
| | **जोड** | **5200** |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/376 दिनांकः—23.08.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत बासा बजीरां के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः—30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व वस्तुस्थिति अनुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

## 7.1 क्रय किये गये सामान राशि ₹1.08/— लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25, 26, 27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत बासा बजीरां के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट—"6"** पर संकलित राशि ₹107585/— के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/383 दिनांकः—28.08.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः—30.08.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर

लिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

, अतः अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत क्रय किये गये प्रत्येक सामान का इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**7.2 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹2.28/– लाख की राजस्व हानि एवं समय–समय पर जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने के फलस्वरूप लाखो रूपये के अनियमित भुगतान करने बारेः–**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है, अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/विक्रेताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–"7"** पर संलग्न चुनिदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹2,27,582/– का अनियमित भुगतान एवं पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/386 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.बी.डबल्यू. 01/2024 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा सूचित किया गया कि निर्माण कार्यों हेतु गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर से संबंधित एम फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा उक्त सामग्री से रॉयल्टी की राशि की वसूली भी नहीं की गई है। भविष्य में संविदाकार/व्यक्ति से

एम फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही अथवा रॉयल्टी की कटौती करने पश्चात ही भुगतान किया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था तथा उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को उनके पूर्ण विवरण सहित या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी संशय की स्थिति में इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ।

ANNUAL REPORT

## 8.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹5.93/- लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत निम्न विवरणानुसार राशि ₹5,92,960 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न ही ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित प्रतीत होता है, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

| क्र0 | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SDP | 08/09.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles Industry Phase 1 Talara Bill No 232 dt.-Nil | 3750 | 63750 |
| 2 | NREGA | Nil/21.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles | 8580 | 145860 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Industry Phase 1 Talara Bill No26 dt.-19.01.2022 | | |
| 3 | NREGA | Nil/21.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles Industry Phase 1 Talara Bill No 25 dt.-26.05.2022 | 6250 | 106250 |
| 4 | NREGA | Nil/21.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles Industry Phase 1 Talara Bill No 24 dt.-26.05.2022 | 3600 | 61200 |
| 5 | NREGA | Nil/21.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles Industry Phase 1 Talara Bill No 23 dt.-26.05.2022 | 5950 | 101150 |
| 6 | NREGA | Nil/21.05.2022 | 05/2022 | 60mm(Paver Block) from M/s Nav Durga Tiles Industry Phase 1 Talara Bill No 22 dt.-26.05.2022 | 6750 | 114750 |
| | | | | | **योग** | **592960** |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/380 दिनांकः—27.08.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः 30.08.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है, प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को नियमानुसार सक्षम तकनीकी प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

## 8.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्यों के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.02/—लाख का अधिक भुगतान करना :—

निर्माण कुल्ह का डंगा व सुरक्षा दीवार काली दास, जोगिन्द्र सिंह इत्यादि की जमीन वार्ड—4 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 2657 के पृष्ठ संख्या 82 व 84 में निर्माण सामग्री, सीमेंट का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 23031 दिनांक 18.01.2022 के अनुसार निर्माण सामग्री सीमेंट 126 बैग का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप

मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹2442 का अधिक भुगतान किया गया था:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | मनरेगा | सीमेंट | 126 बैग | 120 बैग | 6 बैग | 407 | 2442 |

**वास्तविक खप्त योग्य सामग्री का विवरण :–**

2.Item-3,2 P/L(1:5:10) =46.20m3X 2.60(Cement. Factor) =**120.12 or say 120 Bags**

इस अनियमितता बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/384 दिनांकः 29.08.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:– जी.पी.बी.डब्ल्यू 01/2024 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित संविदाकार/व्यक्ति से करने उपरान्त संबंधित खाते में जमा करवा दी जायेगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः अधिक व अनियमित भुगतान की गई राशि बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके संबंधित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.3 निर्माण कार्यो के लिये सीमेंट खरीदने हेतु हि0प्र0 सिविल सप्लाई को ₹0.02 लाख का अधिक भुगतान करना:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

चयनित मासों 05/2022 व 06/2023 के वाउचरों के अंकेक्षण में पाया कि पंचायत द्वारा मनरेगा अनुदान के अंतर्गत निम्नलिखित सामान का क्रय किया गया था:–

| अनुदान शीर्ष | वाउचर स0 /दिनांक | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | अपेक्षित दर से भुगतान (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | शून्य/ 21.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 52351 (149@351.35) | 52096 (128@407) | 255 |
| 2.मनरेगा | शून्य/ | मै0हि.प्र.सिविल | सीमेंट | 59730 | 59422 | 308 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21.05.2022 | सप्लाई जस्सूर | बैग | (170@351.35) | (146@407) | |
| 3.मनरेगा | शून्य / 21.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 49189 (140@351.35) | 48840 (120@407) | 349 |
| 4.मनरेगा | शून्य / 17.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 59730 (170@351.35) | 59422 (146@407) | 308 |
| 5.मनरेगा | शून्य / 17.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 59730 (170@351.35) | 59422 (146@407) | 308 |
| 6.मनरेगा | शून्य / 17.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 31621 (90@351.35) | 31339 (77@407) | 282 |
| 7.मनरेगा | शून्य / 17.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 31621 (90@351.35) | 31339 (77@407) | 282 |
| 8.मनरेगा | शून्य / 21.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 22486 (64@351.35) | 22385 (55@407) | 101 |
| 9.मनरेगा | शून्य / 21.05.2022 | मै0हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर | सीमेंट बैग | 39351 (112@351.35) | 39072 (96@407) | 279 |
| | | | | | **कुल योग** | **2472** |

इस प्रकार से उपरोक्त बिल/वाउचरों द्वारा मै0 हि.प्र.सिविल सप्लाई जस्सूर को कुल मिलाकर ₹2472/– का अधिक भुगतान किया गया था।

उक्त अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/387 दिनांकः–30.08.2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव के ध्यानार्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– जी.पी.बी.डबल्यू 01/2024 दिनांकः–30.08.2024 द्वारा स्पष्ट किया कि हि0प्र0 सिविल सप्लाई जस्सूर को किये गये अधिक भुगतान के बारे में उनसे पत्राचार कर लिया जायेगा तथा वसूली का समायोजन कर लिया जायेगा।

अतः अधिक किये गए भुगतान का सम्पूर्ण तथ्यों सहित औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करना सुनिश्चित की जाये तथा संबंधित शीर्ष में जमा करवाकर व कृत अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाए। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री सीमेंट में यदि उक्त अधिक भुगतान की अनियमितता पाई जाती है, तो उसका भी सम्पूर्ण अभिलेख तैयार व वसूली करना सुनिश्चित करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

